टैक्सास सिटी में आगामी वर्षों के प्रदूषण को नाप लेता है सॉफ्टवेयर

CITY TALK...

नगर निगम की स्वच्छ भारत मिशन के सिटी टू सिटी प्रोग्राम के तहत यूएसए की टैक्सास सिटी के पीयर्स लैंड की टीम के साथ मीटिंग

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

स्वच्छ भारत मिशन के सिटी टू सिटी प्रोग्राम के तहत यूएसए की टैक्सास सिटी के पीयर्स लैंड की टीम के साथ बैठक में नगर निगम के अधिकारी।

जोधपुर ◆ स्वच्छ भारत मिशन के सिटी टू सिटी प्रोग्राम के तहत यूएसए की टैक्सास सिटी के पीयर्स लैंड की टीम ने नगर निगम अधिकारियों के साथ सोमवार को बैठक आयोजित की। दोनों ने अपने कार्यों के अनुभव को साझा किया। ये दल रविवार को जोधपुर पहुंचा था।

पीयर्स लैंड टीम के मैनेजर क्ले पर्सन ने बताया कि उनके यहां जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण और ध्वनि प्रदूषण को नापने को लेकर एक सॉफ्टवेयर तैयार किया गया है, जो अगले कुछ वर्षों में होने वाले प्रदूषण लेवल के बारे में जानकारी दे देता है। इस सॉफ्टवेयर से जानकारी मिलने के बाद प्रदूषण के विपरीत प्रभाव को कम करने की दिशा में काम किया जाता है। स्वच्छ भारत मिशन के सिटी टू सिटी प्रोग्राम के तहत टैक्सास सिटी के दल ने स्वच्छता को लेकर अपने यहां चलाए जा रहे प्रोग्राम का प्रजेंटेशन दिया। वहीं नगर निगम की ओर से स्वच्छ भारत मिशन के तहत जोधपुर में अब तक हुए कार्यों के बारे में प्रजेंटेशन प्रस्तुत किया गया।

महापौर घनश्याम ओझा ने पीयर्स लैंड के सिटी मैनेजर और उनकी टीम का स्वागत किया। उन्होंने यूनाइटेड स्टेट एजेंसी फ़ॉर इंटरनेशनल डवलपमेंट के आर्थिक सहायता और मिनिस्ट्री ऑफ हाउसिंग अरबन अफेयर्स की सहमति से देश भर के 4 शहरों में मूविंग इंडिया टुवर्ड्स सैनिटेशन फॉर ऑल अभियान के बारे में बताया। इस अभियान के तहत सिटी टू सिटी प्रोग्राम चलाया जा रहा है। जोधपुर में अहमदाबाद की कंसल्टेंट कंपनी अर्बन मैनेजमेंट सेंटर इसका काम देख रही है। ओझा ने नगर निगम के आय के स्रोत के बारे में उन्हें जानकारी दी। सहायक अभियंता अंकित पुरोहित ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर निगम की ओर से अब तक करवाए गए कार्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शहर के अधिकांश वार्डों में डोर टू डोर कचरा संग्रहण शुरू किया जा चुका है और अगले 20 दिनों में पूरे शहर को डोर टू डोर वेस्ट योजना से जोड़ दिया जाएगा। कार्यशाला में पीयर्स लैंड से आए दल के सदस्य लॉरी रोड्रिगेज, एड्रिअन हर्नानिडेज, श्रद्धा खरेल, माविता बराड़ी, नगर निगम मुख्य सचेतक प्रदीप बेनिवाल, सीवरेज समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण सोलंकी,उप मुख्य सचेतक राकेश बागरेचा, प्रतिपक्ष उपनेता गणपत सिंह चौहान, मुख्य अभियंता सुमनेश माथुर, एसई संपत मेघवाल, विनोद व्यास, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सचिन मौर्य, जेईएन गिरीश पुरोहित और परिणीता सामरिया सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे।